PART - I

Paper Code

**P-3**

303015

3

| Q. No. | Total Marks | Obtained Marks |
|---|---|---|
| Unit-I-A | 10 | 5 |
| Unit-I-B | 25 | 7.75 |
| Unit-I-C | 40 | 14.5 |
| Unit-II-A | 10 | 9.5 |
| Unit-II-B | 25 | 18 |
| Unit-II-C | 30 | 16 |
| Unit-III-A-A | 10 | 4.75 |
| Unit-III-A-B | 10 | 1 |
| Unit-III-B-A | 10 | 7.5 |
| Unit-III-B-B | 10 | 6 |
| Unit-III-C-A | 10 | 5.5 |
| Unit-III-C-B | 10 | 5 |
| Total Obt. Marks in Figures | 200 | 100.5 |
| Total Obt. Marks in Words | | One Hundred+ ½ |

DIDATE PLEA
परीक्षार्थी कृ
the Answer Scri
itten even in th
, words, numbe
ire examination
is, for which the
दर कहीं पर भी प
में ( XYZ, ABC
वं अंक, आदि भी
की जाकर भविष्
गा।
TANT INSTR
on-Answer Book
ों को प्रश्नोत्तर पु
orn or not printe
igilator and cha
ी या अमुद्रित है
अभ्यर्थी का होगा।
erly on Cover S
so deduct 5 mar
र्व कवर पृष्ठ पर
र आयोग द्वारा प्र
ts, in which so
Cover Sheet is
तिपय सूचनाएँ पूर्व
से क्षतिग्रस्त नहीं
fferent units and
भाजित है। प्रत्येक
हैं।
ake either of pr
e treated as sta
मुद्रण या तथ्यात्
English, not in b
Hindi or Englis
एक में दीजिये, द
लिए अलग से हिंद
wers only in the
side the border l
किसी भी प्रश्न
के बाहर लिखे गये
answers beyond
से अधिक नहीं लि

question out of many and the candidate attempts more than one question then only

का विकल्प दिया गया है और परीक्षार्थी द्वारा एक से अधिक प्रश्न हल किये जाते हैं तो ऐसी

या प्रश्नोत्तर पुस्तिका को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा उस पर किसी प्रकार
द्वारा उसकी संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

e candidate or any attempt is made to damage the answer script or any marking as
ation shall be cancelled by the Commission, for which candidate will be liable.

**CANDIDATE PLEASE READ CAREFULLY**

परीक्षार्थी कृपया ध्यान से पढ़ें

**Do not write any mark of identity inside the Answer Script (including Paper for rough work) i.e. Name, Address, Roll Number, Mobile Number etc. Not to be written even in the letter writing (XYZ, ABC etc. may be written) Name of God, any religious sign, any irrelevant sentence, words, number other than the answer of question must not be written. Such act will be treated as unfair means and entire examination of the Candidate shall be cancelled and he may be debarred by the RPSC from all the future examinations, for which the candidate will be liable.**

**प्रश्नोत्तर पुस्तिका (रफ कार्य के पृष्ठ सहित) के अंदर कहीं पर भी पहचान चिह्न यथा अपना नाम, पता, रोल नंबर, मोबाइल नंबर इत्यादि नहीं लिखें। यहां तक कि पत्रादि लेखन में भी नहीं लिखें ( XYZ, ABC अ ब स आदि लिखा जा सकता है)। कोई धार्मिक चिह्न, देवताओं के नाम, अनर्गल बातें, प्रश्नोत्तर से असंबंधित वाक्य, शब्द एवं अंक, आदि भी न लिखें। ऐसा करने पर आयोग द्वारा इसे अनुचित साधन अपनाने का कृत्य माना जायेगा तथा अभ्यर्थी की संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जाकर भविष्य में आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं से विवर्जित करने की कार्यवाही की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।**

**IMPORTANT INSTRUCTIONS (महत्वपूर्ण निर्देश)**

(A) It should be ensured that the Question-Answer Booklet is provided in a sealed envelope to the candidate.
अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि अभ्यर्थी को प्रश्नोत्तर पुस्तिका सीलबंद लिफाफे में प्रदान की गई है।

(B) If the Question-Answer Booklet is torn or not printed properly or some pages are missing (Please count the number of pages) then bring it to notice of Invigilator and change the Question-Answer booklet, otherwise the candidate will be liable for that.
यदि प्रश्नोत्तर पुस्तिका कहीं से कटी–फटी या अमुद्रित है या पृष्ठ कम हैं (कृपया पृष्ठ गिन लें) तो अभिजागर के ध्यान में ला दें तथा उसे बदलवा लें, अन्यथा उसका दायित्व अभ्यर्थी का होगा।

(C) Please fill up all desired details properly on Cover Sheet of Question-Answer Booklet with **Blue Ball Point Pen** before answering.. The Commission may also deduct 5 marks from the marks obtained if Roll Number is not filled correctly on the Cover Sheet.
प्रश्नोत्तर पुस्तिका में प्रश्न हल करने से पूर्व कवर पृष्ठ पर सभी वांछित विवरण नीले बॉल प्वांइट पेन से सावधानीपूर्वक भरें। कवर पृष्ठ पर रोल नम्बर का त्रुटिपूर्ण अंकन करने पर आयोग द्वारा प्राप्तांकों में से 5 अंक काटे भी जा सकते हैं।

(D) This Cover Sheet consists of two parts, in which some information is pre-printed, remaining details have to be filled by the candidate. Please ensure that this Cover Sheet is not torn or damaged.
कवर पृष्ठ दो भागों में बंटा है, जिसमें कतिपय सूचनाएँ पूर्वमुद्रित हैं, शेष की पूर्ति अभ्यर्थी को करनी है। ध्यान रखें कि कवर पृष्ठ कहीं से कटे–फटे नहीं अथवा किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त नहीं हो।

(E) The question paper is divided into different units and parts. The number of questions to be attempted and their marks are indicated in each unit and parts.
प्रश्न–पत्र विभिन्न यूनिट एवं भागों में विभाजित है। प्रत्येक यूनिट एवं भाग में हल किये जाने वाले प्रश्नों की संख्या और उनके अंक उस यूनिट एवं भाग में अंकित किये गए हैं।

(F) If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English version of the question, the **English version will be treated as standard.**
यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी या अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा।

(G) Attempt answers either in **Hindi or English,** not in both. For Language Papers, answer in concerned language and script, unless directed otherwise to write in Hindi or English specifically.
उत्तर अंग्रेजी या हिन्दी भाषा में से किसी एक में दीजिये, दोनों में नहीं। भाषा विषयक प्रश्नों के उत्तर उनकी संबद्ध भाषा व लिपि में ही दिए जाएँ, जब तक कि प्रश्न विशेष के लिए अलग से हिंदी या अंग्रेजी में उत्तर देने के लिए न लिखा गया हो।

(H) Candidates are directed to write answers only in the prescribed space of booklet. They should not write answer out side the border line. Answer written out side the border line will not be checked.
अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि किसी भी प्रश्न का उत्तर प्रश्नोत्तर पुस्तिका में निर्धारित स्थान पर ही लिखें। बॉर्डर लाईन से बाहर प्रत्युत्तर नहीं लिखें। बॉर्डर लाईन के बाहर लिखे गये उत्तर को जाँचा नहीं जायेगा।

(I) The candidates should not write the answers beyond the prescribed limit of words, failing this, marks may be deducted.
अभ्यर्थियों को उत्तर निर्धारित शब्द सीमा से अधिक नहीं लिखना चाहिए, इसका उल्लंघन करने पर अंक काटे जा सकते हैं।

(J) If there is a choice to attempt one question out of many and the candidate attempts more than one question then only first answer will be assessed.
यदि कई प्रश्नों में से कोई एक हल करने का विकल्प दिया गया है और परीक्षार्थी द्वारा एक से अधिक प्रश्न हल किये जाते हैं तो ऐसी स्थिति में प्रथम उत्तर ही जांचा जायेगा।

**विशेष नोटः**
अभ्यर्थी द्वारा यदि कोई गलत सूचना दी जाती है या प्रश्नोत्तर पुस्तिका को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा उस पर किसी प्रकार का पहचान चिह्न अंकित किया जाता है, तो आयोग द्वारा उसकी संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

**Special Note:**
If there is any wrong information filled by the candidate or any attempt is made to damage the answer script or any marking as identification is done, then his entire examination shall be cancelled by the Commission, for which candidate will be liable.

**SPACE FOR ROUGH WORK**

# PAPER – III
# GENERAL STUDIES & GENERAL KNOWLEDGE

(Total 200 Marks)
(Total 48 Questions)

## Unit – I
## (यूनिट – I)

(75 Marks)
(75 अंक)

### Part – A
### भाग – अ

Marks : 10
अंक : 10

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर **15 - 15** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक निर्धारित हैं।

1. Explain 'Fraternity' as mentioned in the Preamble of the Constitution of India.
   भारत के संविधान की उद्देशिका में उल्लिखित 'बंधुता' को स्पष्ट कीजिए।

उद्देशिका बन्धुता से तात्पर्य है. सभी भारतीय एक समान है। नागरिक क्षेत्र, भाषा, लिंग के आधारों को ध्यान में रखे बिना सभी नागरिकों को अपने बन्धु माने।
इसको पुष्ट करने के लिये संविधान में एकल नागरिकता का प्रावधान किया गया है

1(One)
(Q.Unit-I-A-1)

2. What is the role of Election Commission in Article 103 of the Constitution of India?
   भारत के संविधान के अनुच्छेद 103 में निर्वाचन आयोग की भूमिका क्या है?

संविधान के अनुच्छेद 103 के अन्तर्गत निर्वाचन आयोग, किसी सांसद को दल-बदल अधिनियम, 1985 के प्रावधानों पर दोषी पाये जाने पर, सांसद की निरर्हता के लिये राष्ट्रपति को सलाह देता है, जो राष्ट्रपति के लिये बाध्यकारी होती है

2(Two)
(Q.Unit-I-A-2)

3. What are the key points of 'Abraham Accords'?
'अब्राहम समझौते' के मुख्य बिन्दु क्या हैं?

- अब्राहम समझौता - भारत सरकार, असम सरकार एवं उग्रवादी संगठनों, मिजोरम सरकार के मध्य हुआ।
- इसमें चकमा एवं हजोंग जनजाति के पुनर्वास के लिये विभिन्न संसाधनों के आवंटन सम्बन्धी प्रावधान थे।
- इस समझौते के कारण असम में कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाने में मदद मिली।

0 (Zero)
(Q.Unit-I-A-3)

4. What is 'THAAD'?
'थाड' क्या है?

थाड संयुक्त राज्य अमेरिका की मिसाइल प्रतिरक्षा प्रणाली है। यह अमेरिका के एयरोस्पेस में आने वाली किसी मिसाइल, ड्रोन, आदि को हवा में नष्ट कर देती है।

0.5(Zero½)
(Q.Unit-I-A-4)

5. Write four major issues discussed in G-20 Rome Summit 2021.
G-20 रोम शिखर सम्मेलन 2021 के चार प्रमुख मुद्दे लिखिए।

(1) वैश्विक जलवायु परिवर्तन को नियन्त्रित करने के लिये वैश्विक कोयला आधारित सहायता को प्रतिबंधित करना।
(2) 2050 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करना।
(3) हरित तकनीकों के विकास के लिये सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ाना।
(4) भारत ने 'वन अर्थ, वन हेल्थ' का नारा दिया, भविष्य में होने वाली किसी महामारी के विरुद्ध वैश्विक सहयोग के लिये।

1.5(One½)
(Q.Unit-I-A-5 )

## Part – B
## भाग – ब

**Marks : 25**
**अंक : 25**

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर **50 - 50** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक निर्धारित हैं।

6. "The first cabinet of Independent Indian was not of political character but of national character." Support or oppose the statement with facts only.
"आज़ाद हिंदुस्तान का पहला मंत्रिमंडल राजनीतिक चरित्र का नहीं बल्कि राष्ट्रीय चरित्र का था।" केवल तथ्यों के साथ कथन का समर्थन या विरोध कीजिए।

भारत का पहला मंत्रिमण्डल 1946 में ~~[illegible]~~ नेहरू के नेतृत्व में बना। इस मंत्रिमंडल का निर्माण चुनावों के आधारों पर न होकर राष्ट्रीय नेताओं को शामिल किया गया, जिसमें देश के सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व था। इसमें दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं ~~[illegible]~~ का प्रतिनिधित्व था। इस संदर्भ में पहला मंत्रिमण्डल राष्ट्रीय था।

उपर्युक्त के अतिरिक्त मंत्रिमण्डल के सभी सदस्यों को मंत्रिमण्डल में राजनीतिक दलों के आधार पर लिया गया। इस ~~[illegible]~~ प्रकार मंत्रिमण्डल राष्ट्रीय एवं राजनीतिक चरित्र दोनों के समन्वय का परिणाम था।

1.5(One½)
(Q.Unit-I-B-6)

7. Chief Justice Ramana said that the tendency to brand judicial review as judicial overreach is not correct. What does he mean?
मुख्य न्यायमूर्ति रामन्ना ने कहा है कि न्यायिक समीक्षा को न्यायिक अतिरेक के रूप में प्रदर्शित करने की प्रवृत्ति ठीक नहीं है। उनके इस कथन का क्या अर्थ है?

न्यायिक समीक्षा न्यायपालिका की वह शक्ति है, जिसमें वह विधायिका के कानूनों एवं कार्यपालिका के आदेशों को असंवैधानिक होने पर रद्द कर सकती है। न्यायमूर्ति रमना के अनुसार यदि न्यायिक समीक्षा, न्यायिक अतिरेक में नहीं बदलनी चाहिए क्योंकी -

(1) कार्यपालिका, विधायिका एवं न्यायपालिका के मध्य टकराव का कारण बन सकती है।

(2) यह भारतीय संविधान में उल्लेखित शक्ति के पृथक्करण के सिद्धान्त के विरुद्ध है।

(3) न्यायपालिका द्वारा इसका अधिक प्रयोग करने से प्रशासकों का मनोबल गिर जाता है एवं वह जनकल्याण के कार्य करने में भयभीत रहते है। 1(One) (Q.Unit-I-B-7)

(4) न्यायपालिका द्वारा अधिक भूमिका निभाने से उसकी न्यायिक क्षमता में कमी एवं लम्बित मामलों की संख्या में वृद्धि होती है।

8. Explain the constitutional provision to remove the President of India from his office.
भारत के राष्ट्रपति को पद से हटाने के सांविधानिक प्रावधान को स्पष्ट करें।

भारत के संविधान के अनुच्छेद-56 के अनुसार राष्ट्रपति को केवल महाभियोग द्वारा ही हटाया जा सकता है। अनुच्छेद-61 के अनुसार राष्ट्रपति को हटाने के आधारों - संविधान का अतिक्रमण। एवं प्रक्रिया का उल्लेख किया गया है। 1(One) (Q.Unit-I-B-8)

राष्ट्रपति को हटाने से सम्बन्धित संकल्प किसी भी सदन में लाया जा सकता है लेकिन दो शर्तें पूरी होनी चाहिए (1) सदन के 1/4 सदस्यों का हस्ताक्षर (2) राष्ट्रपति को 14 दिन का पूर्व सूचना। प्रस्ताव सदन में लाया जाता है और यदि कुल सदस्य संख्या के बहुमत एवं दो-तिहाई बहुमत से प्रस्ताव को पारित कर दिया जाता है तो उसे दूसरे सदन में भेजा जाता है। 0.5(Zero½) (Q.Unit-I-B-8)

दूसरा सदन आरोपों की जाँच करता है। राष्ट्रपति स्वयं या किसी अन्य व्यक्ति के माध्यम से अपना पक्ष रख सकता है। यदि दूसरा सदन भी कुल सदस्य संख्या के बहुमत और दो-तिहाई बहुमत से प्रस्ताव को पास कर देता है तो राष्ट्रपति को अपने पद से हटना पड़ता है। 2(Two) (Q.Unit-I-B-8)

9. Explain the concept of 'one sun, one world, one grid'.
'एक सूर्य, एक विश्व, एक ग्रिड' की अवधारणा को स्पष्ट करें।

एक सूर्य, एक विश्व, एक ग्रिड मुख्यत: वैश्वीकरण की प्रक्रिया का परिणाम है। इसका तात्पर्य है कि विश्व के सभी

नागरिकों को एक धर्म से प्रकाश मिले। एक वैश्वीकरण की प्रक्रिया के कारण समस्त विश्व एकीकृत हो जाये और एक विश्व का निर्माण हो सके।

विश्व के एकीकृत होने से बिजली सम्बन्धी आवश्यकताओं के लिये एक ग्रिड का निर्माण किया जा सके।

इसलिये कहा गया है— एक धर्म, एक विश्व, एक ग्रिड

0.25(Zero¼)
(Q.Unit-I-B-9)

10. Describe the main features of First Assembly Election in Rajasthan, after independence.
स्वतंत्रता पश्चात्, राजस्थान में प्रथम विधानसभा चुनाव की मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

- राजस्थान में प्रथम विधानसभा के चुनाव 1952 में 160 सीटों पर हुआ, जिसमें 80 सीटें कांग्रेस, 24 सीटें रामराज्य परिषद एवं 8 सीटें जनसंघ ने जीती वहीं निर्दलीय अधिक सीटें जीतकर दूसरे स्थान पर रहे।

0.5(Zero½)
(Q.Unit-I-B-10)

- प्रथम विधानसभा में टीकाराम पालीवाल के नेतृत्व में प्रथम लोकतांत्रिक सरकार बनी। रामराज्य परिषद प्रमुख विपक्षी दल बना।
- टीकाराम पालीवाल के इस्तीफे के पश्चात् जयनारायण व्यास एवं बाद में मोहनलाल सुखाड़िया के नेतृत्व में सरकारें बनी।
- प्रथम विधानसभा के दौरान अब तक के इतिहास में सर्वाधिक बार उपचुनाव हुए।

1(One)
(Q.Unit-I-B-10)

- इन चुनावों में पहली महिला विधायक, बाँसवाड़ा से निर्वाचित हुई।

**Part – C**
**भाग – स**

**Marks : 40**
**अंक : 40**

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **100** words each. Each question carries **10** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर **100 - 100** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **10** अंक निर्धारित हैं।

**11.** Describe the features and evolution of Judicial Review in India.
भारत में न्यायिक पुनर्विलोकन की विशेषताओं एवं उद्विकास का वर्णन कीजिए।

न्यायिक समीक्षा से आशय- न्यायपालिका की ऐसी शक्ति है, जिसके
द्वारा न्यायपालिका विधायिका द्वारा पारित कानून, कार्यपालिका के
आदेशों की संवैधानिकता की जाँच करती है, यदि यह कानून एवं 0.5(Zero½) (Q.Unit-I-C-11 )
आदेश संविधान के प्रावधान के असंगत हैं तो उन्हें रद्द कर सकती।
उद्विकास- यद्यपि भारतीय संविधान में कहीं भी न्यायिक समीक्षा
शब्द का प्रयोग नहीं हुआ है लेकिन न्यायालय के अनुसार 0.5(Zero½) (Q.Unit-I-C-11 )
अनुच्छेद -13, 32, 131-137, 143, सर्वोच्च न्यायालय
को एवं अनुच्छेद 13, 226 उच्च न्यायालय
को स्पष्ट रूप से न्यायिक समीक्षा की शक्ति संविधान, न्यायालय 0.5(Zero½) (Q.Unit-I-C-11 )
को देता है।

न्यायपालिका ने भी अपने विभिन्न निर्णयों जैसे गोलकनाथ
वाद (1967), केशवानन्द भारती वाद (1973), मेनका गाँधी 1(One) (Q.Unit-I-C-11 )
वाद (1978) एवं मिनर्वा मिल्स वाद (1980) में इस
न्यायिक समीक्षा की शक्ति का उपयोग करते हुये
निर्णय सुनाये।

विशेषताएँ— (1) न्यायिक समीक्षा की शक्ति उत्पत्ति अमेरिका के केस बोर्ड में न्यायाधीश मार्शल द्वारा मार्बरी केस में हुई।

(2) इस शक्ति न्यायिक समीक्षा ने नागरिकों के अधिकारों के क्षेत्र में वृद्धि करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है

(3) इससे न्याय का लोकतांत्रिकरण हुआ है क्योंकि समाज के वंचित वर्गों तक न्याय की पहुँच सुनिश्चित हुई है

0 (Zero)
(Q.Unit-I-C-11 )

12. **Differentiate the working of Planning Commission and Niti Aayog and its impact on Indian Federalism.**

योजना आयोग और नीति आयोग की कार्यप्रणाली में अंतर तथा भारतीय संघवाद पर उसके प्रभाव का वर्णन करें।

योजना आयोग एवं नीति आयोग दोनों संस्थानों को कार्यपालिका आदेश के द्वारा स्थापित किया गया। इन दोनों संस्थाओं का कार्य भारत सरकार नीति निर्माण एवं नीति क्रियान्वयन के लिये सलाह देना था। परन्तु इन दोनों की कार्यप्रणाली में कुछ अंतर है जो निम्नलिखित है

| योजना आयोग | नीति आयोग |
| --- | --- |
| (1) यह टॉप-टू-बॉटम दृष्टिकोण पर आधारित था, जिसमें सभी के लिये एक समाधान पर बल देता है। | (1) यह बॉटम-टू-टॉप दृष्टिकोण पर आधारित है, जो स्थानीय समस्याओं के समाधान पर बल देता है |
| (2) यह पंचवर्षीय योजना का निर्माण एवं राज्यों को धन का हस्तांतरण का कार्य भी करता था। | (2) यह सभी कार्य वित्त मंत्रालय को सौंप दिये गये। इस निकाय की सिफारिशें केवल सलाहकारी है |

| | |
|---|---|
| (3) इसमें राज्यों की भागीदारी राष्ट्रीय विकास परिषद् के माध्यम से की जाती | (3) इसमें राज्यों की भागीदारी नीति-निर्माण के स्तर पर ही गवर्निंग काउंसिल के माध्यम से की जाती |
| (4) यह केन्द्रीकृत दृष्टिकोण पर आधारित था | (4) यह विकेन्द्रीकृत दृष्टिकोण पर आधारित है |

2(Two) (Q.Unit-I-C-12)

भारतीय संघवाद पर प्रभाव- नीति आयोग में राज्यों की भागीदारी नीति-को अनुमोदन के स्तर (जैसा योजना आयोग में होता था) के बजाये नीति-निर्माण के स्तर पर ही गवर्निंग काउंसिल के माध्यम से राज्यों की भागीदारी सुनिश्चित करें, सहकारी संघवाद को बढ़ावा दिया

- नीति आयोग में क्षेत्रीय मुद्दों, विवादों, साझा हितों के मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिये क्षेत्रीय परिषदों के गठन का प्रावधान है, जिससे सहकारी संघवाद की भावना मजबूत हो सके।

1(One) (Q.Unit-I-C-12)

13. Discuss the strategic role played by 'Quad' in the Indo-Pacific Region.

हिंद–प्रशांत क्षेत्र में 'क्वाड' की रणनीतिक भूमिका का विवेचन कीजिए।

क्वाड- भारत, अमेरिका, जापान एवं आस्ट्रेलिया देशों का एक रणनीतिक एवं सामरिक संगठन है। क्वाड समूह पूर्व जापानी प्रधानमंत्री शिंजो आबे के मस्तिष्क की उपज माना जाता है।

0.5(Zero½) (Q.Unit-I-C-13)

0.5(Zero½) (Q.Unit-I-C-13)

- इस संगठन का उद्देश्य है- हिन्द-प्रशान्त क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखना एवं इस क्षेत्र में शक्ति संतुलन को बनाये रखना।

0.5(Zero½) (Q.Unit-I-C-13)

प्रशांत महासागर के दक्षिण चीन सागर पर चीन की गतिविधियों के बढ़ने से यह क्षेत्र विवादों

0.5(Zero½) (Q.Unit-I-C-13)

है। चीन का जापान के साथ कुछ ~~द्वीपों~~ द्वीपों को लेकर विवाद है। प्रशांत महासागर के क्षेत्र से विश्व व्यापार का लगभग 30% व्यापार होता है। साथ ही यह क्षेत्र समुद्री संसाधनों से सम्पन्न होने के कारण क्वाड इस क्षेत्र में चीन को प्रतिसंतुलित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

चीन हिन्द महासागर में अपनी वन बेल्ट वन रोड प्रोजेक्ट के माध्यम से हिन्द महासागर के देशों में पत्तनों एवं बन्दरगाह का निर्माण कर भारत की नौसैनिक घेराबंदी करता जाता है। अतः इस क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिये क्वाड महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। क्वाड चीन को काउन्टर करने के लिये नौसेनाओं का अभ्यास मालाबार करता है।

14. Give suggestions for effective working of Gram Sabha in Rajasthan.
राजस्थान में ग्राम सभा की प्रभावी कार्यप्रणाली के लिए सुझाव दीजिए।

73वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 के अनुच्छेद-243A के अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक ग्राम सभा होगी, जो पंचायत क्षेत्र के सभी पंजीकृत मतदाताओं से मिलकर बनती है।

कार्यप्रणाली / कार्य :- ग्राम सभा की प्रत्येक वर्ष में न्यूनतम 2 बैठकें अवश्य होनी चाहिए। ग्राम सभा की बैठक की अध्यक्षता सरपंच द्वारा की जाती है। कार्यप्रणाली को वैध बनाने के लिये इसकी बैठक में कोरम पूरी होनी चाहिए।

(i) ग्राम सभा, पंचायत क्षेत्र के लिये विकास कार्यक्रमों की योजना

निर्माण का कार्य करती है। (2) ग्राम सभा विकास कार्यक्रमों के सम्बन्ध में पंचायतों को 'धन व्यय करने' के लिये आदेश देती है।
(3) ग्राम सभा विकास कार्यक्रमों-मनरेगा का सामाजिक लेखा परीक्षण करती है।
(4) ग्राम सभा कल्याणकारी योजनाओं के लिये लाभार्थियों की पहचान का कार्य भी करती है।
प्रभावी कार्यप्रणाली के लिये सुझाव – (1) समय-समय पर ग्राम सभा की बैठकों का आयोजन किया जाना चाहिए। (2) राज्य सरकार द्वारा ग्रामसभा की शक्तियों को परिभाषित करते हुये 11 अनुसूची के विषयों को अधिक संख्या में हस्तांतरित करना चाहिए।
(3) ग्राम सभा की शक्तियों एवं अधिकारों के बारे में मतदाताओं को जागरूक बनाया जाना चाहिए।
(4) जनप्रतिनिधियों की क्षमता में वृद्धि के लिये कौशल प्रशिक्षण एवं नेतृत्व प्रशिक्षण एवं उन्हें तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए।

2.5(Two½)
(Q.Unit-I-C-14)

**Unit – II** (65 Marks)
**(यूनिट – II)** (65 अंक)

**Part – A** **Marks : 10**
भाग – अ अंक : 10

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.
**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर **15 - 15** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक निर्धारित हैं।

1. What is the difference between Unity of Command and Unity of Direction?
आदेश की एकता एवं निर्देश की एकता में क्या अंतर है?

आदेश की एकता से तात्पर्य है कि किसी कर्मचारी को केवल और केवल उच्च अधिकारी से आदेश ग्रहण करने चाहिए।

0

~~निर्देशन की एकता~~ का आशय है- समान संगठनात्मक उद्देश्यों की प्राप्ति के लिये सभी व्यक्तियों को मुखिया एवं एक [illegible] से आदेश प्राप्त करने चाहिए ताकि संगठनात्मक लक्ष्यों की प्राप्ति सहजता से हो सके।

2(Two)
(Q.Unit-II-A-1)

2. Explain managerial view about the nature of administration.
प्रशासन की प्रकृति के सम्बन्ध में प्रबंधकीय दृष्टिकोण को स्पष्ट कीजिए।

प्रबंधकीय दृष्टिकोण के अनुसार - प्रशासन का सम्बन्ध ~~[illegible]~~ संगठन के उच्च स्तर पर किये जाने वाले कार्यों से है, जिसमें पोस्डकॉर्ब पर बल दिया जाता है। इसका तात्पर्य है कि एक लिपिक, टेक्नीशियन का कार्य प्रशासन नहीं है।

- भारत में ~~प्रशासन~~ की प्रबंधकीय दृष्टिकोण अपनाया गया है। इसमें प्रशासन सामान्यज्ञों द्वारा प्रशासन का कार्य किया जाता है

2(Two)
(Q.Unit-II-A-2)

3. What is Vote on Account?
लेखानुदान क्या है?

बजट के अंतरिम विधायिका में पेश होने के बाद सरकार को बजट पारित होने के पहले २ माह के लिए कुल बजट $\frac{1}{6}$ व्यय हेतु धन सरकार को आवंटित किया जाता है, जिसे लेखानुदान कहते है।

1.5(One½)
(Q.Unit-II-A-3)

4. Define Corporate Social Responsibility.
कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व को परिभाषित कीजिए।

कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व से तात्पर्य - किसी कम्पनी के कार्यों एवं समाज के संसाधनों के उपयोग के बदले, कुछ धन का सामाजिक कार्यों

में व्यय करना ही, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) है।

कम्पनी अधिनियम, 2013 के अनुसार ऐसी कम्पनी,

जिसका → कुल सम्पत्ति - 1000 करोड़ / → टर्नओवर - 500 करोड़ / → शुद्ध लाभ - 5 करोड़ ) से अधिक होता | उसे अपने पिछले 3 सालों के शुद्ध लाभ का 2% सामाजिक कल्याण के कार्यों पर खर्च करना पड़ता है।

2(Two)
(Q.Unit-II-A-4)

5. What is Formal Delegation?
औपचारिक प्रत्यायोजन क्या है?

औपचारिक प्रत्यायोजन का वह प्रकार है, जब प्रत्यायोजन प्रत्यायोजन के सुस्थापित मानदण्डों, नियमों, सिद्धांतों के अनुसार होता है, इसको ही औपचारिक प्रत्यायोजन कहते है जैसे - जिला कलेक्टर द्वारा उपखण्ड अधिकारी को शक्तियों का प्रत्यायोजन करना

2(Two)
(Q.Unit-II-A-5)

## Part – B
भाग – ब

Marks : 25
अंक : 25

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर **50 - 50** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक निर्धारित हैं।

6. Mention various forms of judicial control over administration.
प्रशासन पर न्यायिक नियंत्रण के विभिन्न रूपों का उल्लेख कीजिए।

सामान्य साधन - (1) न्यायिक समीक्षा - न्यायपालिका विधायिका के किसी कानून / कार्यपालिका के आदेश को असंवैधानिक होने पर रद्द कर सकती है
(2) नागरिक केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के विरुद्ध वाद दायर कर सकते है

(3) नागरिक अपने पद का दुरुपयोग करने वाले ~~व्यक्ति~~ लोकसेवकों के विरुद्ध वाद दायर कर सकते है।

असामान्य साधन – अनुच्छेद-32 में सर्वोच्च न्यायालय और अनुच्छेद-226 में उच्च न्यायालय को शक्ति दी गयी है, जिसमें न्यायालय नागरिकों के अधिकारों का उल्लंघन होने पर पाँच प्रकार रिट – बन्दी प्रत्यक्षीकरण, परमादेश, प्रतिषेध, उत्प्रेषण एवं अधिकार पृच्छा जारी करके नागरिकों के अधिकारों का प्रवर्तन करता है।

3(Three)
(Q.Unit-II-B-6)

7. Enlist major difference between conventional and development administration.
परम्परागत एवं विकास प्रशासन के मध्य प्रमुख अन्तर की परिगणना कीजिए।

| परम्परागत प्रशासन | विकास प्रशासन |
|---|---|
| (1) यह यथास्थिति पर बल देता है | (1) यह परिवर्तन पर बल देता है। |
| (2) यह प्रक्रियाओं पर जोर देता है। | (2) यह कार्य निष्पादन पर बल देता है। |
| (3) यह केन्द्रीकृत प्रशासन है। | (3) यह विकेन्द्रीकृत प्रशासन है। |
| (4) परम्परागत प्रशासन एकल आयामी दृष्टिकोण है। | (4) विकास प्रशासन बहुआयामी – सामाजिक, आर्थिक विकास का दृष्टिकोण है। |
| (5) यह जनसहभागिता पर कम बल देता है। | (5) यह जनभागीदारी पर अधिक बल देता है। |
| (6) यह तकनीकों का ~~के~~ रूढ़िवादी दृष्टिकोण रखता है | (6) यह नवीन तकनीकों के प्रयोग, प्रयोग करने की भावना को प्रोत्साहन देता है। |

4.5(Four½)
(Q.Unit-II-B-7)

8. Differentiate between Secretariat and Directorate.
सचिवालय एवं निदेशालय में भेद कीजिए।

| सचिवालय | निदेशालय |
|---|---|
| (1) सचिवालय एक स्टाफ एजेंसी है। | (1) निदेशालय के लाइन एजेंसी है। |
| (2) सचिवालय का मुख्य कार्य नीतियों एवं कार्यक्रमों का निर्माण करना है। | (2) निदेशालय का मुख्य कार्य नीतियों एवं कार्यक्रमों का संचालन करना है। |

| | |
|---|---|
| (3) सचिवालय में विभाग का प्रमुख शासन सचिव कहलाता है। | (3) निदेशालय का प्रमुख विभागाध्यक्ष कहलाता है। |
| (4) सचिवालय में सामान्यज्ञ सामान्यज्ञों द्वारा कार्यनिष्पादन किया जाता है। | (4) निदेशालय में विशेषज्ञों द्वारा कार्य का निष्पादन किया जाता है। |
| (5) सचिवालय के कर्मचारियों का वेतन एवं भत्ते निदेशालय के कर्मचारियों की तुलना में अधिक होते है। | |

3(Three)
(Q.Unit-II-B-8)

9. Analyze the impact of lateral entry system in higher civil services.
उच्च लोक सेवाओं में पार्श्विक प्रवेश (लेटरल एण्ट्री) के प्रभाव का विश्लेषण कीजिए।

भारत में लोक सेवाओं के उच्च स्तर पर विशेषज्ञता लाने के लिये लेटरल एन्ट्री शुरू की गयी है, जिसके लिये व्यक्ति को सम्बन्धित क्षेत्र में 15 वर्ष का अनुभव होना चाहिए। इनकी नियुक्ति संयुक्त सचिव स्तर पर 3 साल के लिये होती है।

5(Five)
(Q.Unit-II-B-9)

सकारात्मक प्रभाव (1) लोकसेवाओं में विशेषज्ञता बढ़ने से परियोजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन एवं नीति का बेहतर निर्माण किया जा सकता है।
(2) ऐसे लोगों को शामिल किया जा सकता है, जो परीक्षा के माध्यम से लोक सेवाओं में नहीं आ सके एवं इनके गुणों का लाभ मिल पायेगा।

नकारात्मक प्रभाव (1) इनका कार्यकाल अल्प होने के कारण इनके द्वारा किये गये कार्यों एवं निर्णयों के उत्तरदायित्व निर्धारण में बाधा आयेगी।
(2) लोकसेवा में काम कर रहे लोकसेवकों का मनोबल गिरेगा।

भारत में 1st ARC ने लोकसेवाओं में लेटरल एन्ट्री की सिफारिश की थी।

10. Discuss the jurisdiction of Lokayukta in Rajasthan.
राजस्थान में लोकायुक्त के क्षेत्राधिकार की विवेचना कीजिए।

राजस्थान के लोकायुक्त के क्षेत्राधिकार में राज्य मंत्रिपरिषद के मंत्री (अपवाद - मुख्यमंत्री), राज्य सचिवालय के सभी शासन सचिव, सचिव, अपर सचिव एवं सचिवालय के कर्मचारी, निदेशालय के विभागों के विभागाध्यक्ष, लोकसेवक, जिला परिषद के जिला प्रमुख, एवं उपजिला प्रमुख, पंचायत समितियों के प्रधान एवं उपप्रधान,

जिला परिषद एवं पंचायत समिति की स्थायी समितियों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, नगर पालिका के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, नगर परिषद के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष, नगर निगम के महापौर एवं उपमहापौर, विकास प्राधिकरणों के अध्यक्ष, आवासन मण्डल के सभी कर्मचारी आते हैं।

2.5(Two½)
(Q.Unit-II-B-10)

## Part – C
## भाग – स

**Marks : 30**
**अंक : 30**

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **100** words each. Each question carries **10** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर **100 - 100** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **10** अंक निर्धारित हैं।

**11.** Evaluate the salient features of the Rajasthan Right to Hearing Act, 2012.
राजस्थान सुनवाई का अधिकार अधिनियम, 2012 की प्रमुख विशेषताओं का मूल्यांकन कीजिए।

राजस्थान के नागरिकों को समयबद्ध तरीके से उनकी समस्याओं एवं परिवादों के लिये सुनवाई करवाने के लिये यह अधिनियम पारित किया गया। राजस्थान में यह अधिनियम 22 मई, 2012 से लागू हुआ है और राजस्थान ऐसा अधिनियम पारित करने वाला पहला राज्य है।

विशेषताएँ (1) नागरिक की शिकायत एवं परिवाद पर सुनवाई उसके निवास स्थान के निकट नियत समय अर्थात 15 दिवस में सुनिश्चित करना। (2) परिवाद पर लिये गये निर्णय के बारे में परिवादी को 7 दिन की भीतर सूचना दी जायेगी। (3) ग्राम पंचायत, ब्लॉक, उपखण्ड एवं जिला स्तर पर लोक सुनवाई अधिकारी, प्रथम एवं द्वितीय अपीलीय अधिकारी की नियुक्ति करने का प्रावधान (4) प्रथम एवं द्वितीय अपीलीय अधिकारी को सिविल कोर्ट की शक्तियाँ प्राप्त है।

0.5(Zero½) (Q.Unit-II-C-11)
0.5(Zero½) (Q.Unit-II-C-11)
0.5(Zero½) (Q.Unit-II-C-11)
0.5(Zero½) (Q.Unit-II-C-11)
0.5(Zero½) (Q.Unit-II-C-11)

(ग) यदि लोक सुनवाई अधिकारी समय सीमा में सुनवाई का अवसर नहीं देता है तो नागरिक 30 दिन भीतर प्रथम अपीलीय अधिकारी के समक्ष अपील कर सकता है या निर्णय से असंतुष्ट होने पर भी अपील ~~कर सकेगा~~ 0.5(Zero½) (Q.Unit-II-C-11)

(घ) यदि प्रथम अपीलीय अधिकारी द्वारा भी समय सीमा में निर्णय नहीं दिया जाता है या निर्णय से असंतुष्ट है तो वह द्वितीय अपीलीय अधिकारी के समक्ष अपील कर सकता है 0.5(Zero½) (Q.Unit-II-C-11)

(ङ) लोकसुनवाई के लिए परिवाद, प्रथम एवं द्वितीय अपील के लिये किसी प्रकार शुल्क देय नहीं होगा। 0.5(Zero½) (Q.Unit-II-C-11)

(च) इस अधिनियम के तहत किये गये विनिश्चयों का न्यायालय ~~में~~ को वर्जित किया गया है 0.5(Zero½) (Q.Unit-II-C-11)

(छ) लोक सुनवाई अधिकारी यदि इस अधिनियम का उल्लंघन करता है तो उस पर ₹250 प्रतिदिन के अनुसार अधिकतम 5,000 जुर्माना लगाया जाता है 0.5(Zero½) (Q.Unit-II-C-11)

स्पष्ट है कि यह अधिनियम अत्यधिक महत्वपूर्ण है लेकिन इसके बारे में जनता में अनभिज्ञता, लोक सुनवाई अधिकारी के सजा का प्रतिशत कम होना इसके प्रभाव पर सीमा आरोपित करते हैं।

12. "The aim of good governance and morality in civil services can be achieved through following the Gandhi's Seven Social Sins concept." Analyze.
"सुशासन तथा लोक सेवाओं में नैतिकता के लक्ष्य गाँधीजी द्वारा बतायी गयी सात सामाजिक बुराइयों की अवधारणा को जानकर प्राप्त किए जा सकते हैं।" विश्लेषण कीजिए।

गाँधीजी ने जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में नैतिकता के समावेश के लिये सात सामाजिक बुराईयाँ बतायी, जिन्हें पाप की संज्ञा दी गयी यह निम्न है – (1) नैतिकता विहिन व्यापार (2) मानवता विहिन विज्ञान (3) सिद्धांत विहिन राजनीति (4) त्याग बिना पूजा (5) श्रम बिना धन (6) आत्मा के बिना आनन्द (7) चरित्र के बिना ज्ञान।

अतः शासन करने वाले नेताओं को राजनीति को सिद्धान्तों के अनुसार संचालित करनी चाहिए, जिससे राजनीति में

भ्रष्टाचार, अवसरवादिता, राजनीति के अपराधीकरण में मदद मिलेगी।
व्यापारियों को अपने व्यापार में नैतिक मूल्यों का पालन करना चाहिए, इससे खाद्य पदार्थों में मिलावट, सामाजिक माल्य आदि में वृद्धि होगी। न्याय प्रशासकों को प्रशासन में वैज्ञानिक तकनीकों को लागू करना चाहिए, जिससे प्रशासन में पारदर्शिता, जवाबदेहिता, जनभागीदारी बढ़ेगी, जिससे सुशासन की स्थापना हो पायेगी परन्तु विज्ञान के प्रयोग में मानवता के सिद्धांतों के उल्लंघन नहीं होना चाहिए।
प्रशासक अधिकाधिक धन, बिना परिश्रम किये भ्रष्ट आचरणों से प्राप्त करना चाहते हैं। इस प्रकार श्रम के द्वारा 'धन प्राप्ति पर बल देने पर भ्रष्टाचार में कमी, भाई-भतीजावाद में कमी आयेगी। वर्तमान व्यक्ति भौतिक सुख की प्राप्ति के लिये अधिकाधिक संसाधनों को प्राप्त करने की दौड़ में लगा हुआ है लेकिन आत्मा के सात्विक आनन्द तो लोगों की सेवा करके प्राप्त किया जा सकता है। व्यक्ति का चरित्र बेहतर होने पर ही वह अपने ज्ञान का बेहतर एवं अच्छे कार्यों में उपयोग ~~किया जा~~ कर सकता है।

स्पष्ट है कि सुशासन को तथा लोकसेवाओं के लक्ष्य को गांधीजी के सात पापों की अवधारणा को ~~[illegible]~~ जानकर प्राप्त किया जा सकता है।

13. Analyse the roles of the District Collector vis-a-vis Superintendent of Police in maintaining the law and order in a district.
किसी जिले में कानून एवं व्यवस्था के संधारण हेतु जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक की भूमिकाओं का विश्लेषण कीजिए।

राजस्थान में जिले में कानून एवं व्यवस्था को बनाये रखने हेतु जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को उत्तरदायित्व सौंपा गया है

4.5(Four½)
(Q.Unit-II-C-12)

जिला कलेक्टर की भूमिका - ~~व्यवस्था~~ (1) जिले में शांति-व्यवस्था स्थापित करना।
(2) उपद्रव एवं अशांति की स्थिति में ~~xxx~~ IPC की धारा 144 व 145 को लागू करना।
(3) जिले में होने वाले हड़ताल एवं प्रदर्शनों से निपटना।
(4) प्राकृतिक आपदा, अग्निकाण्ड से पीड़ित व्यक्तियों को आवश्यक सुविधाओं / वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित करना।
(5) रेलवे स्टेशनों, ~~xx~~ भीड़भाड़ वाली जगहों को समय समय पर ~~xx~~ खाली करवाना।
(6) जिले के थानों, जेलों एवं उपजेलों का दौरा करना।
(7) ~~विदेशियों के पारपत्र~~ लोगों को पारपत्र व वीजा जारी करना।
(8) राज्य में उपद्रव की स्थिति में पुलिस अधीक्षक को आदेश देकर शांति-व्यवस्था बहाल करवाना

पुलिस अधीक्षक की भूमिका -
(1) जिले में कानून-व्यवस्था को बनाने के लिये जिला कलेक्टर के निर्देशों का पालन करना।
(2) जिले में मौजूद पुलिस वाहनों, हथियारों, गोला-बारूद की व्यवस्था करना।
(3) FIR पंजीकरण करवाना, पेट्रोलिंग एवं अन्वेषण हेतु पुलिस अधिकारियों की नियुक्ति करना।
(4) जिले में अपराधों की प्रवृत्ति एवं संख्या के मासिक एवं साप्ताहिक रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजना।

6.5(Six½)
(Q.Unit-II-C-13)

**(Unit – III) (Section – A)** **(20 Marks)**

**(यूनिट – III) (सेक्शन – A)** **(20 अंक)**

**Part – A** **Marks : 10**

**भाग – अ** **अंक : 10**

**Note:** Attempt all questions. Answer the following questions in 15 words each. Each question carries 2 marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 15 - 15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।

1. Name the award for excellence in sports in Rajasthan given annually and write the hierarchy of its selection committee.

   राजस्थान में खेलों में उत्कृष्टता के लिए वार्षिक रूप में दिए जाने वाले पुरस्कार का नाम लिखते हुए इसकी चयन समिति का पदानुक्रम लिखिए।

(1) महाराणा प्रताप पुरस्कार — ~~राशि~~ 1 लाख नगद, महाराणा प्रताप की कांस्य प्रतिमा, पारम्परिक वेश-भूषा

(2) चयन समिति में 12 सदस्य हैं, इसमें राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के सदस्य, ओलम्पिक एवं पैरालम्पिक में भाग लेने वाले खिलाड़ी शामिल होते हैं।

(3) गुरु वशिष्ठ पुरस्कार भी परिषद द्वारा दिया जाता है

0.75(Zero¾)
(Q.Unit-III-A-1)

2. Write the types of yoga according to Yograj Upanishad.

   योगराज उपनिषद के अनुसार योग के प्रकार लिखिए।

योगराज उपनिषद के अनुसार योग —
(1) कर्मयोग ; (2) ज्ञानयोग ; (3) राजयोग (4) हठयोग

1(One)
(Q.Unit-III-A-2)

3. Write the contribution of Sh. Magan Singh Rajvi in Rajasthan sports.

राजस्थान के खेलों में श्री मगनसिंह राजवी के योगदान को लिखिए।

↳ श्री मगनसिंह राजवी, राजस्थान के मेधावी खिलाड़ी है।

↳ इन्होने राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय ~~स्तर~~ स्तर' कई पदक अपने नाम किये है।

↳ इन्हें राज्य क्रीडा परिषद द्वारा महाराणा प्रताप पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है ✗

0 (Zero) (Q.Unit-III-A-3)

4. Name any 4 sports academies governed by Rajasthan State Sports Council.

राजस्थान राज्य खेल परिषद द्वारा संचालित किन्हीं चार खेल अकादमियों के नाम लिखिए।

(1) बालक आर्चरी अकेडमी, डूंगरपुर

(2) बालक वॉलीबाल अकादमी, ~~जयपुर~~ जैसलमेर

(3) बालिका हैण्डबॉल अकादमी, जयपुर

(4) बालक हॉकी अकादमी, जयपुर

1(One) (Q.Unit-III-A-4)

5. Name the paraplayers and their sports who were awarded Major Dhyanchand Khel Ratan Award in 2021.

मेजर ध्यानचंद खेल रतन पुरस्कार 2021 से सम्मानित पैरा–खिलाड़ियों के नाम उनके खेल सहित लिखिए।

(1) ~~अवनी~~ अवनी लेखरा (निशानेबाजी) (2) कृष्णा नागर (बैडमिंटन)

(3) प्रमोद भगत (बैडमिंटन) (4) सुमित अंतिल (जैवेलिन थ्रो)

(5) मनीष नरवाल (निशानेबाजी)

2(Two) (Q.Unit-III-A-5)

## Part – B
## भाग – ब

**Marks : 10**
**अंक : 10**

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर **50 - 50** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक निर्धारित हैं।

**6.** What is the significance of scientific backup to sports person in National Sports Policy?
राष्ट्रीय खेल नीति में खिलाड़ियों के वैज्ञानिक पूर्तिकर का क्या महत्त्व है?

राष्ट्रीय खेल नीति में खिलाड़ियों के खेल में उत्कृष्टता, गुणवत्ता लाने के लिये 'वैज्ञानिक पूर्तिकर' का प्रावधान किया गया है। इसके अंतर्गत प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रशिक्षण में वैज्ञानिक तकनीकों का उपयोग करते हुये उनके खेलों में सुधार लाना। इसके अन्तर्गत खिलाड़ियों को विश्व की उच्च स्तरीय सुविधाओं वाली संस्थाओं एवं विश्व के महान कोचों से प्रशिक्षण दिलवाने के लिये सरकार द्वारा सहायता दी जाती है। इससे खिलाड़ियों की क्षमता में सुधार हुआ है, इसका नतीजा था नीरज चोपड़ा ने भारत को ओलम्पिक की एथलेटिक्स प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक दिलाया।

0.5(Zero½)
(Q.Unit-III-B-6)

**7.** What is rehabilitation in sports? Define TENS therapy.
खेलों में पुनर्स्थापन क्या है? टी.ई.एन.एस. चिकित्सा को परिभाषित कीजिए।

खेलों में पुनर्वास एक सुरक्षित, चिकित्सकीय दृष्टिकोण है, जिसमें खिलाड़ियों की चोटों का इलाज करने एवं ~~[illegible]~~ लक्षित अभ्यासों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के प्रयास किया जाता है ताकि खिलाड़ी को चोट से पहले की अवस्था में वापस आने में मदद मिल सके।

TENS थेरेपी (T) Timing (समयानुकूलता) – खिलाड़ी को समय पर चोट का इलाज करवाना चाहिए

(E) Evaluation (ऊपर उठाना) – अपने चोटग्रस्त अंग को ऊपर रखना चाहिए

(N) Neutral (उदासीन) – चोटग्रस्त भाग में कोई हलचल नहीं करनी चाहिए

(S) Sports (खेल) – इसमें चोट पूर्णरूप से ठीक होने से पहले खेल में भाग लेना नहीं चाहिए

0.5(Zero½)
(Q.Unit-III-B-7)

Paper-III



(Unit – III) (Section – B)

(यूनिट – III) (सेक्शन – B)

(20 Marks)

(20 अंक)

## Part – A
भाग – अ

Marks : 10
अंक : 10

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर **15 - 15** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक निर्धारित हैं।

1. What is meant by Emotional Intelligence?
संवेगात्मक बुद्धि से क्या आशय है?

स्वयं के संवेगों को समझना, दूसरे व्यक्तियों के संवेगों को समझना, संवेगों का नियन्त्रण करना और संवेगों का व्यवहार में नियमन की योग्यता ही, संवेगात्मक बुद्धि है

संवेगात्मक बुद्धि (EI) = संवेगात्मक आयु / वास्तविक आयु × 100

→ डैनियल गोलमैन

1(One)
(Q.Unit-III-A-1)

2. Which are the big five factors of personality?
व्यक्तित्व के बृहद् पाँच कारक कौन से हैं?

यह सिद्धान्त पॉल कास्टा ने दिया

(1) खुलापन (2) सामाजिकता जागरूकता (3) बहिर्मुखता
(4) मनस्तापिता (5) मिलनसार ?

1.5(One½)
(Q.Unit-III-A-2)

3. Write about the three stages of memory.
स्मृति की तीन अवस्थाओं के बारे में लिखिए।

(1) कूट संकेतन – इसमें ज्ञानेन्द्रियों द्वारा सूचनाओं को ग्रहण कर अर्थ निकाला जाता है
(2) सूचना भण्डारण – इसमें कूट संकेतित सूचना को संग्रहित किया जाता है।
(3) सूचना प्रत्याभिज्ञान – इसमें सूचना दीर्घकालिक स्थिति में चली जाती है, जिसका उपयोग विभिन्न संज्ञानात्मक कार्यों हेतु किया जाता है

2(Two)
(Q.Unit-III-A-3)

4. Mention the sources of stress.
तनाव के स्त्रोत बताइए।

(i) जीवन की घटनाएँ – किसी परिवार जन की मृत्यु, बीमारी, मित्रों से अलगाव आदि।
(ii) प्रेरकों में संघर्ष होने पर (iii) प्राकृतिक आपदाएँ - भूकम्प, बाढ़ आदि
(iv) कार्यस्थल की कार्य दशाएँ - उपयुक्त बिजली, प्रकाश, ~~आदि~~ की व्यवस्था न होना
(v) पर्यावरणीय कारक - भीड़भाड़, शोरगुल, वायु प्रदूषण।
(vi) सामाजिक कारक - सामाजिक दबाव आदि कारक

1.5(One½)
(Q.Unit-III-A-4)

5. Define intelligence.
बुद्धि को परिभाषित करिये।

स्वयं को समझने, विवेकपूर्ण चिंतन करने तथा जीवन की चुनौतियों एवं समस्याओं का समाधान करने के लिये उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी उपयोग करने की योग्यता, बुद्धि कहलाती है।

$$\text{बुद्धि लब्धि (IQ)} = \frac{\text{मानसिक आयु}}{\text{वास्तविक आयु}} \times 100$$ → विलियम स्टर्न

1.5(One½)
(Q.Unit-III-A-5)

**Part – B**
**भाग – ब**

**Marks : 10**
**अंक : 10**

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in 50 words each. Each question carries 5 marks.
**नोट :** सभी प्रश्नों का उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 50 - 50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।

6. Describe the major projective measures of personality.
व्यक्तित्व के प्रमुख प्रक्षेपीय मापों का वर्णन करिये।

प्रक्षेपण व्यक्तित्व मूल्यांकन की ऐसी विधि है, जिसमें व्यक्ति के समक्ष उद्दीपक परिस्थितियाँ उत्पन्न की जाती हैं, एवं उसे उसके बारे में प्रतिक्रिया देने के लिये कहा जाता है, जिसमें वह स्वयं को पात्र मानकर अपनी दमित इच्छाओं, विचारों, संवेगों को अभिव्यक्त कर देता है, जिससे उसकी समस्याओं का पता लगाकर उनका समाधान किया जा सकता है।
प्रक्षेपी विधियाँ - (i) रोर्शा स्याही धब्बा परीक्षण - इसमें ~~बालक~~ को 10 कार्ड दिखाकर प्रतिक्रिया देने के लिये कहा जाता है

(2) बाल अन्तर्बोध परीक्षण - इसमें बच्चों को 10 जानवरों के चित्र दिखाये जाते है।

(3) थीमेटिक एप्रेसन टेस्ट (TAT) - इसमें बच्चों को 10 कार्ड दिखाये जाते है, जैसे 5 काले, 2 काले सफेद व 3 रंगीन होते है।

2(Two)
(Q.Unit-III-B-6)

7. Explain the strategies of stress management.
तनाव प्रबन्धन की युक्तियों को समझाइए।

(1) विश्रांति की तकनीकी - इसमें मन व शरीर को विश्राम दिया जाता है।

(2) योगिक अभ्यास - ध्यान, प्राणायाम, आसन के माध्यम से मन को एकाग्र करने, तनाव को कम करने का प्रयास किया जाता है।

(3) बायोफीडबैक तकनीक - इसमें व्यक्ति स्वनियन्त्रण के माध्यम से तनाव के प्रभाव को कम करने का प्रयास करता है।

(4) कल्पना मानस प्रत्यक्षीकरण विधि - इसमें व्यक्ति कल्पना से सम्बन्धित चित्र एवं विचार अपने मन में तनाव को कम करने के लिए बनाता है।

(5) संज्ञानात्मक व्यवहार विधि - इसमें व्यक्ति के नकारात्मक एवं अविवेकी विचारों को सकारात्मक एवं विवेकी विचारों से प्रतिस्थापित किया जाता है।

4(Four)
(Q.Unit-III-B-7)

**(Unit – III) (Section – C)** **(20 Marks)**
**(यूनिट – III) (सेक्शन – C)** **(20 अंक)**

**Part – A** **Marks : 10**
भाग – अ अंक : 10

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.
**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर **15 - 15** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक निर्धारित हैं।

1. What is the difference between 'perfect' and 'imperfect' right?
'पूर्ण' एवं 'अपूर्ण' अधिकार के मध्य क्या अंतर है?

पूर्ण अधिकार - ऐसा अधिकार, जिसके उपयोग या अभ्यास पर कोई प्रतिबन्ध या सीमा नहीं होती है। पूर्ण अधिकार कहलाते है)

अपूर्ण अधिकार - ऐसा अधिकार, जिसके प्रयोग पर कुछ प्रतिबन्ध या सीमा आरोपित की जाती है तो उसे अपूर्ण अधिकार कहते है

0.25(Zero¼)
(Q.Unit-III-A-1)

2. Define the expression 'right to information' as used in the Right to Information Act, 2005.
सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 में प्रयुक्त अभिव्यक्ति 'सूचना का अधिकार' को परिभाषित कीजिए।

सूचना के अधिकार में निम्नलिखित शामिल है - किसी कार्य, दस्तावेज एवं रिकार्ड का निरीक्षण व [illegible]

इलेक्ट्रॉनिक एवं रिकॉर्ड से सम्बन्धित दस्तावेज, सेल्युलर, फ्लॉपी, हार्डडिस्क, सीडी डीवीडी, प्राप्त की जा सकती है।

1(One)
(Q.Unit-III-A-2)

3. Write down the meaning of 'Sexual harassment' mentioned under the Sexual Harassment of Women at Workplace (Prevention, Prohibition and Redressal) Act, 2013.
महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के अंतर्गत उल्लिखित "लैंगिक उत्पीड़न" का अर्थ लिखिए।

लैंगिक उत्पीड़न का आशय है - महिला से शारीरिक सम्पर्क, यौन अनुग्रह की माँग, अश्लील टिप्पणी करना, अश्लील सामग्री दिखाना एवं मौखिक रूप से महिला को गाली देना साथ ही वर्तमान रोजगार में या भावी रोजगार में नकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभाव का वादा या धमकी देना शामिल है।

1.25(One¼)
(Q.Unit-III-A-3)

4. Define the term 'relative' as per the Maintenance and Welfare of Parents and Senior Citizens Act, 2007.
माता–पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण–पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 के अनुसार 'नातेदार' पद को परिभाषित कीजिए।

नातेदार से अभिप्रेत है - निःसंतान वरिष्ठ नागरिक के विधिक वारिस से है जो वरिष्ठ नागरिक मृत्यु के बाद वरिष्ठ नागरिक की सम्पत्ति उनके कब्जे में है या विरासत में प्राप्त करेगा।

1.75(One¾)
(Q.Unit-III-A-4)

5. Define the term 'Nazul Land'.
'नजूल भूमि' पद की परिभाषा दीजिए।

राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1955 के अनुसार नजूल भूमि से है, जो राज्य सरकार में निहित होती आबादी भूमि है, जो किसी नगरपालिका या पंचायतीराज संस्था के क्षेत्राधिकार में आती है।

1.25(One¼)
(Q.Unit-III-A-5)

## Part – B
## भाग – ब

Marks : 10
अंक : 10

**Note:** Attempt all questions. Answer the following questions in 50 words each. Each question carries 5 marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 50 - 50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।

6. State the contents of "Record of Rights" under the Rajasthan Land Revenue Act, 1956.
राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 में "अधिकार अभिलेख" की अन्तर्वस्तु बताइए।

राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम में अधिकार अभिलेख की विषयवस्तु है–
(1) खेवट : इसमें क्षेत्र विशेष के सम्पदाधारियों, भूमि के स्वामियों, उनके अंशधारियों के हितों एवं सीमा का विवरण होता है।
(2) खतौनी – इसमें क्षेत्र विशेष में कृषि करने वाले काश्तकारों एवं अधिभोगियों के नाम एवं उनके हित आदि दर्ज होते हैं।
(3) लगान या भू राजस्व मुक्त क्षेत्र के भूमि के स्वामियों के विवरणों से सम्बन्धित रजिस्टर।
(4) अधिकार अभिलेख के भाग के रूप में विहित अन्य रजिस्टर

2.5(Two½)
(Q.Unit-III-B-6)

7. Explain the term 'Sexual assault' as mentioned in the Protection of Children from Sexual Offences Act, 2012.
लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 में उल्लिखित 'लैंगिक हमला' पद का वर्णन कीजिए।

लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के अनुसार लैंगिक हमला से तात्पर्य है – जब कोई व्यक्ति किसी बालक के गुप्त अंगों को लैंगिक आशय से स्पर्श करता है या किसी अन्य व्यक्ति को बच्चे के गुप्त अंगों को लैंगिक आशय से स्पर्श करने के लिए दबाव बनाता है या बच्चे से अपने गुप्त अंगों को स्पर्श करवाता है तो वह लैंगिक हमले का दोषी होगा।
इसके लिए सजा न्यूनतम 3 वर्ष एवं अधिकतम 5 वर्ष एवं जुर्माने का प्रावधान है।

2.5(Two½)
(Q.Unit-III-B-7)

0
0
es
al
न